अजय टम्टा
AJAY TAMTA

सत्यमेव जयते

वस्त्र राज्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली-110011
MINISTER OF STATE FOR TEXTILES
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110011

संदेश

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दी संघ सरकार की राजभाषा है। संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी के अनुरूप भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

राजभाषा हिंदी को जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अब तक हिंदी ने एक संपर्क भाषा के रूप में कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है। भूमण्डलीकरण के इस दौर में आवश्यकता इस बात की है कि हिंदी के कार्यक्षेत्र का विस्तार किया जाए एवं सरकारी कामकाज में सरल हिंदी का प्रयोग किया जाए ताकि हिंदीतर प्रांतों के लोग भी उसे सहजता से स्वीकार कर सकें। हमें अन्य प्रांतीय भाषाएं भी सीखनी चाहिएं इससे हिंदी का शब्द भंडार भी समृद्ध होगा और अन्य भाषा-भाषी लोग भी हिंदी का सम्मान करेंगे।

टेलिविजन, फिल्मों और विज्ञापनों आदि के कारण आज हिंदी तो पूरे देश में लोकप्रिय हो गई है मगर सरकारी काम-काज में अभी भी राजभाषा हिंदी अपना पूरा स्थान प्राप्त नहीं कर सकी है। यह कार्य केवल नियम और अधिनियमों के सहारे नहीं हो सकेगा।

मेरी वस्त्र मंत्रालय एवं इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों आदि में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपेक्षा है कि वे 14 सितंबर 2018 को हिंदी दिवस के मौके पर ईमानदारी से यह संकल्प लें कि वे सरकारी कामकाज में हिंदी भाषा का भरपूर इस्तेमाल करते रहेंगे।

14 सितंबर, 2018

(अजय टम्टा)

कमरा नं. 34, उद्योग भवन, नई दिल्ली–110011, दूरभाष: 011–23062243, 23062216 फैक्स : 011–23062214
Room No. 34, Udyog Bhawan, New Delhi-110011, Phone: 011-23062243, 23062216, Fax : 011-23062214